निर्भय · निष्पक्ष · निरंतर

डेली न्यूज़

जयपुर के एक्टर प्रशांत कैलिफोर्निया के फिल्म फेस्टिवल के ब्रांड एम्बेसडर

डेली न्यूज, mix रिपोर्टर, जयपुर। शहर के यंग आर्टिस्ट अपना नाम न सिर्फ अपने देश में रोशन कर रहे हैं बल्कि विदेशों में भी अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। इसका उदाहरण है जयपुर के रहने वाले बॉलीवुड एक्टर प्रशांत गुप्ता, जो अपनी एक्टिंग के जरिए बॉलीवुड में अपनी पहचान बना चुके हैं। इसके साथ ही प्रशांत विदेशों में होने वाले ग्रैंड इवेंट्स के भी ब्रांड एम्बेसडर बनकर इंडिया का नाम वर्ल्डवाइड रोशन कर रहे हैं। प्रशांत ने बताया कि कैलिफोर्निया के सिलिकॉन वैली में आने वाले दिनों में फिल्म फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है, जो कि 70वां इंडिपेंडेंस डे सेलिब्रेट करने के उद्देश्य से मनाया जा रहा है। प्रशांत गुप्ता को इस फेस्टिवल का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया है, जो फेस्टिवल में इंडिया को रिप्रजेंट करेंगे। यह फेस्टिवल सैन जोस में 5 अगस्त से 13 अगस्त तक होगा, जिसमें बॉलीवुड इंडस्ट्री के कई कलाकार शिरकत करेंगे। प्रशांत ने बताया कि इस फेस्टिवल की खासियत यह है कि इसमें इनिशिएटिव कैलिफोर्निया के रहने वाले एनआरआई डॉ. रोमेश जापरा का है, जिसके जरिए विदेशों में भी इंडिया सिनेमा को एक ऊंचे मुकाम पर लाया जा सकता है।

'ये है इंडिया' होगी क्लोजिंग नाइट फिल्म

कैलिफोर्निया में होने वाले इस फेस्टिवल में जहां एक ओर इंडियन एक्टर को ब्रांड एम्बेसडर बनाया है, वहीं बॉलीवुड की फिल्म 'ये है इंडिया' को फेस्टिवल की क्लोजिंग नाइट फिल्म के लिए सलेक्ट किया गया है। लोम हर्ष निर्देशित यह फिल्म प्रधानमंत्री के मेक इन इंडिया कॉन्सेप्ट पर बनी है, जिसकी स्क्रीनिंग फेस्टिवल के क्लोजिंग सेरेमनी पर होगी। गौरतलब है कि इस फिल्म में इंडिया की प्रॉब्लम्स बताते हुए लोगों को जागरूक किया है। उल्लेखनीय है कि प्रशांत पिछले साल न्यूयॉर्क में हुई इंडिया डे परेड पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।